**संक्षिप्त संस्करण**
(विदेशी भाषाओं के संस्करण भी उपलब्ध हैं)

亀岡市
KAMEOKA CITY

# कामेओका शहर में कूड़े का वर्गीकरण और निपटान की पद्धति

## मूलभूत नियम

1. संग्रहण के दिन प्रातः 8:30 बजे से पहले कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थान पर ला कर रखें।
2. निर्धारित पद्धतियों के अनुसार कूड़े का वर्गीकरण करें।
3. कूड़ा स्टेशन साफ रखें ताकि आपके पड़ोसियों को परेशानी न हो।

*कूड़ा संग्रहण के नियमों का पालन न करने पर, कूड़े का संग्रहण नहीं किया जाएगा।

## नगरपालिका द्वारा जिनका निपटान किया जा सकता है ऐसी वस्तुएँ

| | |
|---|---|
| केवल जलाने-योग्य कूड़ा | रसोईघर का कचरा, कपड़ा और चमड़ा, अन्य |
| केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़ा | चीनी मिट्टी की चीज़ें, कांच, रबर के उत्पाद, धातु (धातु की छोटी वस्तुएँ छोड़कर), अन्य |
| पुनर्चक्रण-योग्य कूड़ा | • प्लास्टिक • पीईटी बोतल • लाइटर • सूखी बैटरी • रिचार्जेबल बैटरी<br>• खाली कैन • स्प्रे कैन • खाली बोतलें • कागज • घास • लकड़ी • धातु की छोटी वस्तुएँ<br>• इंक कार्ट्रिज • पारायुक्त थर्मामीटर • पारायुक्त रक्तदाब-मापन यंत्र<br>• स्टेनलेस बोतल • फ्लोरोसेंट ट्यूब • उपयोग हो चुके छोटे घरेलू उपकरण<br>➡अधिक जानकारी के लिए, शहर के संसाधन पुनर्चक्रण संवर्धन अनुभाग (☎ 55-5305) से संपर्क करें |
| बड़े आकार का कूड़ा | फर्नीचर, घरेलू विद्युत उपकरण, खेल और मनोरंजन का साहित्य, आदि |
| नागरिकों को स्वयं लेकर आनी होगी ऐसी वस्तुएँ | अधिक मात्रा में कूड़ा-कचरा, ईंटें, कंक्रीट ब्लॉक, छत की टाइलें, मृत जानवर<br>➡अधिक जानकारी के लिए, शहर के संसाधन पुनर्चक्रण संवर्धन अनुभाग (☎ 55-5305) से संपर्क करें |

## नगरपालिका द्वारा जिनका निपटान नहीं किया जा सकता ऐसी वस्तुएँ

| | |
|---|---|
| प्रक्रिया करने के लिए कठिन वस्तुएँ | कृषि उपकरण, भवन निर्माण का कूड़ा, रसायन, अपशिष्ट तेल, पेंट, अग्निरोधक तिजोरियाँ, पियानो, तेल हीटर, 50 सेमी से अधिक आकार के मृत जानवर, आदि |
| औद्योगिक कूड़ा | व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से उत्पन्न होने वाली धातुएँ, प्लास्टिक आदि |

*मिट्टी एवं पत्थर आदि कूड़ा-कचरा नहीं है इसलिए नगरपालिका द्वारा उठाया नहीं जा सकता।

टीवी, रेफ्रिजरेटर, फ्रीजर, वॉशिंग मशीन, कपड़े सुखाने की मशीन, एयर कंडीशनर

टायर, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, बटन सेल बैटरियां, आदि

कंप्यूटर

अग्निशामक यंत्र

मोटरसाइकिल

## केवल जलाने-योग्य कूड़ा

**सप्ताह में 2 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण**

◎ कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैले (केवल जलाने-योग्य कूड़े का थैला) का उपयोग करें कृपया 1 बार में लगभग 2 थैलों से अधिक कूड़ा न डालें।


◎ कूड़े के थैले का मुंह कसकर बांधें ताकि कचरा बिखर न जाए, और थैले के मुंह से बाहर निकलने वाली वस्तुएँ न रखें।



| आकार | प्रति थैला |
|---|---|
| 40 लीटर | 40 येन |
| 30 लीटर | 30 येन |
| 20 लीटर | 20 येन |
| 10 लीटर | 10 येन |


### रसोईघर का कचरा

बचा हुआ खाना, सब्जियों के टुकड़े, फलों के छिलके आदि




### कपड़ा और चमड़ा

कपड़े, बैग, चमड़े के जूते, स्नीकर्स, टोपी, स्टफ टॉय, आदि



### अन्य


गंदे कागज व प्लास्टिक, डिस्पोजेबल डायपर, आदि




*जिनकी गंदगी नहीं हटती ऐसी वस्तुएँ।

**ध्यान दें**

- पर्दे, कारपेट आदि को 50 सेमी या उससे कम लंबाई और चौड़ाई में काटें।
- रस्सियों और डोरियों को 3 मीटर या उससे कम लंबाई में काटें।




## केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़ा

**महीने में 2 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण**

◎ कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैले (केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़े का थैला) का उपयोग करें कृपया 1 बार में लगभग 2 थैलों से अधिक कूड़ा न डालें।


◎ कूड़े के थैले का मुंह कसकर बांधें ताकि कचरा बिखर न जाए, और लंबी वस्तुओं को थैले के मुंह से बाहर न निकलने दें **(छतरियों और फ्लोरोसेंट ट्यूब लाइट को छोड़कर)**।



| आकार | प्रति थैला |
|---|---|
| 30 लीटर | 30 येन |
| 15 लीटर | 15 येन |

### धातु (धातु की छोटी वस्तुएँ छोड़कर)


ब्लेड, कैंची, खाद्य और पेय पदार्थों के अलावा अन्य कैन आदि




* केवल खाली कैन के लिए सीमित


**ध्यान दें**

- चाकूओं को टेप से लपेटें और कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैले पर "⚠" का लेबल लगाएं।



### चीनी मिट्टी की चीज़ें, कांच

ग्लास, प्लेट, कप, फूलदान, दर्पण, सौंदर्य प्रसाधन और दवा की बोतलें, बल्ब, आदि



### रबर के उत्पाद

जूते, रबर पाइप, रबर सैंडल, रबर की गेंदें, आदि



**ध्यान दें**

- रबर पाइप और रस्सियों को 150 सेमी या उससे कम आकार में काटें।




### अन्य

उपयोग हो चुके छोटे घरेलू उपकरण



**ध्यान दें**

- कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैले में न समाने वाली वस्तुएँ बड़े आकार के कूड़े में डालें।

# पुनर्चक्रण-योग्य कूड़ा



## प्लास्टिक

सप्ताह में 1 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण

**समाविष्ट वस्तु**

प्लास्टिक से बनी हुई वस्तुएँ

◎ कृपया लगभग 10 से 45 लीटर आकार के पारदर्शी थैले में रखें जिसमें अंदर की सामग्री दिखाई दे।
*कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैला नहीं है।

◎ पीईटी बोतल, घरेलू विद्युत उपकरणों को छोड़कर।



### बोतलें

शैम्पू, खाना पकाने का तेल, डिटर्जेंट (कपड़े धोने और रसोई के लिए), सलाद ड्रेसिंग, आदि की बोतलें




*पीईटी बोतलों को छोड़कर।


### कप

इंस्टंट फूड, जेली आदि के कप




### डिब्बे

अंडे के कार्टन, कोम्बिनी लंच बॉक्स, रिटॉर्ट पाउच जैसे डिब्बे




### प्लास्टिक बैग और रैप

कन्फेक्शनरी पदार्थों के बैग, नाशवान खाद्य पदार्थों के रैप, फलों की जाली, प्लास्टिक के थैले आदि





### ट्रे

मांस, मछली और तैयार खाद्य पदार्थों के ट्रे




### पैकेजिंग सामग्री

स्टायरोफोम, एयर कुशन



### अन्य


पीईटी बोतलों के ढक्कन, लेबल आदि




*साथ में खाद्य पदार्थ न फेंके।

### प्लास्टिक उत्पाद

खिलौने, स्टेशनरी, हैंगर, प्लास्टिक की बाल्टियाँ, टूथब्रश, सीडी व डीवीडी और उनके डिब्बे आदि।



**ध्यान दें**

- जिनका अधिकतर हिस्सा प्लास्टिक से बना हुआ है, ऐसी वस्तुएँ संग्रहण के लिए पात्र हैं।
- 50 सेमी से कम लंबाई वाली, और लगभग 45 लीटर के बैग में समाने वाली वस्तुओं का संग्रहण किया जाएगा।


### उचित पुनर्चक्रण किया जा सके, इसके लिए कृपया ध्यान दें





- कोई भी बचा हुआ खाद्य पदार्थ फेंक दें।



- गंदी वस्तुओं को हल्के से धो लें।



- वस्तुएँ डबल थैले में न रखें।




- जितना हो सके ढक्कन और लेबल हटा दें।

## पीईटी बोतल

महीने में 2 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण

PET


**समाविष्ट वस्तु**

जूस, शराब, स्वाद वर्धक पदार्थ, आदि खाद्य और पेय पदार्थों की पीईटी बोतलें, जिन पर बाईं ओर का निशान बना हो।

◎ कृपया पारदर्शी थैले में रखें जिसमें अंदर की सामग्री दिखाई दे।

*कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैला नहीं है।

**ध्यान दें**



- कैप (ढक्कन) और लेबल हटा दें।
- अंदर से हल्के से धो लें।
- जितना संभव हो उतना कुचल दें।
- कृपया पारदर्शी थैले में रखें जिसमें अंदर की सामग्री दिखाई दे।


***ढक्कन और लेबल प्लास्टिक में रखें।**

## लाइटर

महीने में 2 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण

**समाविष्ट वस्तु**

लाइटर



◎ कृपया पारदर्शी थैले में रखें जिसमें अंदर की सामग्री दिखाई दे।

◎ कृपया निपटान से पहले अंदर की सामग्री का पूर्ण उपयोग करें।



**स्प्रे कैन और रिचार्जेबल बैटरियां अत्यधिक ज्वलनशील होने के कारण बहुत खतरनाक होती हैं, इसलिए इन्हें कभी भी केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़े में न डालें।**







## सूखी बैटरियां/रिचार्जेबल बैटरियां

महीने में 2 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण


**समाविष्ट वस्तु**

मैंगनीज बैटरी, अल्कलाइन बैटरी, रिचार्जेबल बैटरी और लिथियम कॉइन बैटरी (मॉडल कोड सीआर और बीआर)





***लिथियम कॉइन बैटरी का संग्रहण किया जाएगा।**




***बटन सेल बैटरी का संग्रहण नहीं किया जाएगा।**

◎ कृपया पारदर्शी थैले में रखें जिसमें अंदर की सामग्री दिखाई दे।

◎ बटन सेल बैटरियों (मॉडल कोड एसआर, एलआर और पीआर) का संग्रहण इलेक्ट्रॉनिक्स, घड़ी और कैमरे के दुकानों पर किया जाता है।

◎ रिचार्जेबल बैटरियों के निपटान से पहले उन्हें इंसुलेट करें।



कनेक्टर्स पर प्लास्टिक टेप चिपका कर बंद करें


## खाली कैन (खाद्य और पेय पदार्थों के), स्प्रे कैन

**महीने में 2 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण**

**समाविष्ट वस्तु**

खाद्य और पेय पदार्थों के कैन का संग्रहण किया जाएगा।

अल्युमीनियम     स्टील






● खाद्य और पेय पदार्थों के कैन के अलावा अन्य खाली कैन "केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़े" में डालें।

◎ कृपया हल्के से धो लें, ताकि अंदर कुछ सामग्री बची न रहे।

◎ जोर से ना कुचलें।

◎ जहाँ तक संभव हो, कृपया स्प्रे कैन के निपटान से पहले अंदर की सामग्री का पूर्ण उपयोग करें (कीलों आदि से कैन में छेद करने की आवश्यकता नहीं है)।

◎ स्प्रे कैन का प्लास्टिक ढक्कन हटाएँ और इसे प्लास्टिक कूड़े में डालें।




खाली कैन, स्प्रे कैन के लिए संग्रहण जाली

## खाली बोतलें (खाद्य और पेय पदार्थों की)


**महीने में 2 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण**



**समाविष्ट वस्तु** खाद्य और पेय पदार्थों की बोतलें जैसे जूस, बीयर, शराब, स्वाद वर्धक पदार्थ, आदि




● खाद्य और पेय पदार्थों के अलावा अन्य खाली बोतलें (सौंदर्य प्रसाधन, दवा की बोतलें, आदि), कप, कांच की वस्तुएँ आदि "केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़े" में डालें।



◎ ढक्कन "केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़े" में डालें।

◎ रंगहीन बोतलें सफेद रंग के, भूरे रंग की बोतलें भूरे रंग के और अन्य रंगों की बोतलें काले रंग के कंटेनर में रखें।

**खाली बोतलें रंग के अनुसार अलग-अलग कंटेनरों में रखें।**



रंगहीन बोतलों के लिए कंटेनर



भूरे रंग की बोतलों के लिए कंटेनर



अन्य रंगों की बोतलों के लिए कंटेनर

**\ यह एक अपराध है /**

**पुनर्चक्रण-योग्य कूड़ा ले जाना प्रतिबंधित है!**

**कूड़ा स्टेशन से "पुनर्चक्रण-योग्य कूड़ा" कभी भी न ले जाएं।**



## कागज महीने में 1 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण

**समाविष्ट वस्तु**

समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, कार्डबोर्ड, मिश्र कागज, कागज के टुकड़े

◎ यह कूड़ा बरसात के दिनों में भी डाल सकते हैं।

◎ प्लास्टिक के थैले (45 लीटर या उससे कम) का उपयोग केवल कागज के टुकड़ों के लिए करें।


◎ प्लास्टिक या पेपर से बनी रस्सी का उपयोग करें।

### समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, कार्डबोर्ड



रस्सी से बांधें


रस्सी से बांधें





रस्सी से बांधें

### मिश्र कागज


रस्सी से बांधें / पेपर बैग में रखें

### कागज के टुकड़े


प्लास्टिक का थैला

## घास • लकड़ी महीने में 1 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण

**समाविष्ट वस्तु**

घास की कतरनें, गिरी हुई पत्तियाँ, पेड़ों की कटी हुई शाखाएँ, जीवित पेड़, लकड़ी (लंबाई 50 सेमी और मोटाई 10 सेमी या उससे कम तक सीमित)

### घास की कतरनें, गिरी हुई पत्तियाँ

◎ कृपया कूड़ा 45 लीटर या उससे कम आकार के पारदर्शी थैले में रखें जिसमें अंदर की सामग्री दिखाई दे।

*कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैला नहीं है।





### पेड़ों की कटी हुई शाखाएँ, जीवित पेड़, लकड़ी

**बंडल बनाते समय**


◎ लंबाई 50 सेमी और मोटाई 10 सेमी के भीतर बंडल की मोटाई 30 सेमी के भीतर होनी चाहिए।



**थैले में डालते समय**

◎ 15 लीटर या उससे कम आकार का पारदर्शी थैला जिसमें अंदर की सामग्री दिखाई दे।

*कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैला नहीं है।



### उचित पुनर्चक्रण किया जा सके, इसके लिए कृपया ध्यान दें


- **घास और पेड़ों को एक ही थैले में न रखें।**
- बांस, फूल, या फल लगी हुई वस्तुएँ **"केवल जलाने-योग्य कूड़े"** में डालें।



# धातु की छोटी वस्तुएँ

**महीने में 2 बार /कूड़ा स्टेशन पर संग्रहण**

**समाविष्ट वस्तु** रसोई के बर्तन और दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसी धातु की छोटी वस्तुएँ (लंबाई में 50 सेमी या उससे कम तक सीमित)




◎ कूड़ा स्टेशन पर रखे हुए नारंगी रंग के कंटेनर में डालें।

◎ खतरे का ध्यान रखते हुए, नुकीले हिस्सों को टेप से लपेटें।


## रसोईघर के बर्तन

बर्तन, केतली, फ्राइंग पैन, आदि



## खाने के बर्तन


चम्मच, कांटे, चाकू इत्यादि



*केवल खाते समय उपयोग किए जाने वाले चाकू तक सीमित

## औजार


पेचकस, प्लायर, आदि



*इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल नहीं हैं।

## अन्य


तार के हैंगर, धातु के खिलौने, आदि



**ध्यान दें**

- **जिनका अधिकतर हिस्सा धातु से बना हुआ है, ऐसी वस्तुएँ संग्रहण के लिए पात्र हैं।**
- रसोई के चाकू और छुरियां (खाते समय उपयोग किए जाने वाले चाकू के अलावा) "केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़े" के अंतर्गत आते हैं।

*अन्य **50 सेमी से अधिक लंबाई वाली वस्तुएँ संग्रहण के लिए पात्र नहीं** हैं।





# बड़े आकार का कूड़ा

**आवश्यकता अनुसार (आवेदन)/निर्दिष्ट स्थान से संग्रहण**



कूड़े के लिए निर्दिष्ट थैले में न समाने वाली वस्तुओं को "बड़े आकार का कूड़ा" के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। प्रत्येक वस्तु के अनुसार शुल्क आवश्यक होगा।

**Step 1 कूड़ा संग्रहण के लिए आवेदन करें**

**संग्रहण के लिए आवेदन करने के लिए नीचे दिए गए नंबर पर कॉल करें।**

**सार्वजनिक फाउंडेशन पर्यावरण कामेओका ☎27-3393**

[समय] सोमवार से शुक्रवार (सार्वजनिक छुट्टियों, वर्षांत तथा वर्षारंभ की छुट्टियों को छोड़कर) प्रातः 8:30 बजे से सायं 5 बजे तक

**Step 2 शुल्क स्टिकर खरीदें**

आवश्यक मूल्य का शुल्क स्टिकर खरीदें।




← शुल्क तथा स्टिकर बेचे जाने वाले दुकानों की जानकारी यहां देखें

**Step 3 शुल्क स्टिकर चिपकाएँ**

**Step 4 निर्दिष्ट दिन पर संग्रहण स्थल पर ले जाएं**

**संग्रहण के लिए आप ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।**
(ऑनलाइन भुगतान उपलब्ध)

# भाग के अनुसार नियमित कूड़ा संग्रहण की समय सारिणी

यदि वर्गीकरण में परेशानी हो तो...

कामेओका वर्गीकरण शब्दकोश खोजें

(केवल जापानी भाषा)

*उदाहरण के लिए, "तीसरा बुध." का अर्थ है, उस महीने का तीसरा बुधवार।

*वर्षांत तथा वर्षारंभ की छुट्टियों के दौरान समय सारिणी में परिवर्तन हो सकता है। सार्वजनिक छुट्टियों के दिन भी कूड़ा संग्रहण किया जाएगा।

***संग्रहण के दिन प्रातः 8:30 बजे से पहले "कूड़ा स्टेशन" पर ला कर रखें।**

<table>
<tr><th rowspan="2">भाग का नाम</th><th rowspan="2">केवल जलाने-योग्य कूड़ा</th><th>केवल जमीन में दफनाने-योग्य कूड़ा</th><th colspan="5">पुनर्चक्रण-योग्य कूड़ा</th></tr>
<tr><th>सूखी बैटरियां लाइटर</th><th>प्लास्टिक</th><th>कागज</th><th>घास • लकड़ी</th><th>पीईटी बोतल</th><th>खाली कैन स्प्रे कैन खाली बोतलें धातु की छोटी वस्तुएँ</th></tr>
<tr><td>आसाहि-चो</td><td rowspan="5">मंगल. / शुक्र.</td><td rowspan="5">दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td><td rowspan="3">सोम.</td><td rowspan="5">तीसरा बुध.</td><td rowspan="5">पहला बुध.</td><td rowspan="5">पहला शुक्र. / तीसरा शुक्र.</td><td rowspan="5">पहला गुरु. / तीसरा गुरु.</td></tr>
<tr><td>उमाजी-चो</td></tr>
<tr><td>चितोसे-चो</td></tr>
<tr><td>कावाराबायाशी-चो</td><td rowspan="2">बुध.</td></tr>
<tr><td>होज़ू-चो</td></tr>
<tr><td>चियोकावा-चो</td><td rowspan="5">सोम. / गुरु.</td><td rowspan="2">पहला बुध. / तीसरा बुध.</td><td>मंगल.</td><td>चौथा शुक्र.</td><td>दूसरा शुक्र.</td><td>दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td><td>दूसरा मंगल. / चौथा मंगल.</td></tr>
<tr><td>ओई-चो</td><td>शुक्र.</td><td>चौथा मंगल.</td><td>दूसरा मंगल.</td><td>दूसरा गुरु. / चौथा गुरु.</td><td>दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td></tr>
<tr><td>कामेओका पूर्व क्षेत्र</td><td rowspan="3">दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td><td rowspan="3">बुध.</td><td>तीसरा शुक्र.</td><td>पहला शुक्र.</td><td>पहला बुध. / तीसरा बुध.</td><td>पहला मंगल. / तीसरा मंगल.</td></tr>
<tr><td>कामेओका मध्य क्षेत्र</td><td>तीसरा बुध.</td><td>पहला बुध.</td><td>पहला शुक्र. / तीसरा शुक्र.</td><td>पहला गुरु. / तीसरा गुरु.</td></tr>
<tr><td>कामेओका पश्चिम क्षेत्र</td><td>तीसरा गुरु.</td><td>पहला गुरु.</td><td>पहला मंगल. / तीसरा मंगल.</td><td>पहला शुक्र. / तीसरा शुक्र.</td></tr>
<tr><td>शिनो-चो।</td><td rowspan="9">मंगल. / शुक्र.</td><td rowspan="2">पहला बुध. / तीसरा बुध.</td><td>गुरु.</td><td>चौथा बुध.</td><td>दूसरा बुध.</td><td>दूसरा शुक्र. / चौथा शुक्र.</td><td>दूसरा गुरु. / चौथा गुरु.</td></tr>
<tr><td>शिनो-चो॥</td><td>सोम.</td><td>तीसरा मंगल.</td><td>पहला मंगल.</td><td>पहला गुरु. / तीसरा गुरु.</td><td>पहला बुध. / तीसरा बुध.</td></tr>
<tr><td>हिगाशि त्सुत्सुजिगाओका</td><td rowspan="7">दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td><td>गुरु.</td><td>चौथा मंगल.</td><td>दूसरा मंगल.</td><td>दूसरा गुरु. / चौथा गुरु.</td><td>दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td></tr>
<tr><td>निशि त्सुत्सुजिगाओका</td><td rowspan="6">बुध.</td><td>तीसरा शुक्र.</td><td>पहला शुक्र.</td><td>पहला बुध. / तीसरा बुध.</td><td>पहला मंगल. / तीसरा मंगल.</td></tr>
<tr><td>मिनामी त्सुत्सुजिगाओका</td><td rowspan="5">चौथा गुरु.</td><td rowspan="5">दूसरा गुरु.</td><td rowspan="5">दूसरा मंगल. / चौथा मंगल.</td><td rowspan="5">दूसरा शुक्र. / चौथा शुक्र.</td></tr>
<tr><td>हिगाशिहोंमे-चो</td></tr>
<tr><td>होंमे-चो</td></tr>
<tr><td>मियाज़ाकि-चो</td></tr>
<tr><td>हातानो-चो</td></tr>
<tr><td>योशिकावा-चो</td><td rowspan="3">सोम. / गुरु.</td><td rowspan="3">पहला बुध. / तीसरा बुध.</td><td rowspan="2">शुक्र.</td><td>चौथा बुध.</td><td>दूसरा बुध.</td><td>दूसरा शुक्र. / चौथा शुक्र.</td><td>दूसरा गुरु. / चौथा गुरु.</td></tr>
<tr><td>हिएदानो-चो</td><td>चौथा शुक्र.</td><td>दूसरा शुक्र.</td><td>दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td><td>दूसरा मंगल. / चौथा मंगल.</td></tr>
<tr><td>सोगाबे-चो</td><td>मंगल.</td><td>तीसरा गुरु.</td><td>पहला गुरु.</td><td>पहला मंगल. / तीसरा मंगल.</td><td>पहला शुक्र. / तीसरा शुक्र.</td></tr>
<tr><td>हिगाशिबेत्सुइन-चो</td><td>मंगल. / शुक्र.</td><td>दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td><td>बुध.</td><td>तीसरा शुक्र.</td><td>पहला शुक्र.</td><td>पहला बुध. / तीसरा बुध.</td><td>पहला मंगल. / तीसरा मंगल.</td></tr>
<tr><td>निशिबेत्सुइन-चो</td><td rowspan="2">सोम. / गुरु.</td><td>पहला बुध. / तीसरा बुध.</td><td>शुक्र.</td><td>तीसरा मंगल.</td><td>पहला मंगल.</td><td>पहला गुरु. / तीसरा गुरु.</td><td>पहला बुध. / तीसरा बुध.</td></tr>
<tr><td>कामेओका एकि किता</td><td>दूसरा बुध. / चौथा बुध.</td><td>बुध.</td><td>तीसरा बुध.</td><td>पहला बुध.</td><td>पहला शुक्र. / तीसरा शुक्र.</td><td>पहला गुरु. / तीसरा गुरु.</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| कामेओका पूर्व क्षेत्र | मियाके-चो, हिगाशितात्सु-चो, निशितात्सु-चो, त्सुकिनुके-चो, योको-चो, कोसे-चो, किताकोसे-चो, कामियादा-चो, नाकायादा-चो |
| कामेओका मध्य क्षेत्र | कोन्यामाची, आरात्सुका-चो, नांगो-चो, निशिमाची, उचिमारु-चो, ओइवाके-चो, कितामाची, क्योमाची, गोफुकुमाची, हातागोमाची, शिनमाची, यादामाची, शिमोयादा-चो, शिओयामाची, यानागिमाची, होनमाची |
| कामेओका पश्चिम क्षेत्र | कावारामाची, आमारुबे-चो, उत्सुने-चो, तोकीवा-चो, किताकावारामाची, यासुमाची |
| शिनो-चो। | काइबारा (निशिकावा नदी का पश्चिमी भाग), जोबोजी, हिरोता 1-3, मोरी |
| शिनो-चो॥ | काइबारा (निशिकावा नदी का पूर्वी भाग), ओजी, शिनो, युहिगाओका 1-3, यामामोतो, नोजो, मिहारु 1-7, उमाहोरी, उमाहोरी स्टेशन 1-2 |

**कूड़ा और पुनर्चक्रण के बारे में पूछताछ के लिए संपर्क जानकारी**

**संसाधन पुनर्चक्रण संवर्धन अनुभाग, पर्यावरण की दृष्टि से उन्नत शहर संवर्धन विभाग, कामेओका शहर**

**〒621-8501 क्योटो प्रान्त, कामेओका शहर, यासुमाचि, नोनोगामी 8**

**☎ : 55-5305 FAX : 22-3809 E-Mail : kankyo-jigyou@city.kameoka.lg.jp**

अप्रैल 2023 में जारी